(5) वस्त्रों तथा परिधानों को वर्ष 1995 के लिए फ्लोर कीमत संबंधी शर्त को समाप्त कर दिया गया है ।

(ग) इन नीतियों के अन्तर्गत कोटा राज्यवार आबंटित नही किए जाते हैं ।

हथकरघा और हस्तशिल्प मदों का उत्पादन और निर्यात

6122. **श्री आस मोहम्मद** : क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार के पास हथकरघा और हस्तशिल्प मदों के उत्पादन के राज्यवार आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण है ;

(ग) उक्त मदों के लिए चालू वित्तीय वर्ष में क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए थे ; और

(घ) पिछले दो वर्षों के दौरान उक्त मदों के निर्यात का ब्यौरा क्या है ?

वस्त्र मंत्री (श्री जी० वेंकट स्वामी) : (क) और (ख) चूंकि हथकरघा और हस्त-शिल्प क्षेत्र विकेन्द्रिकृत प्रकार के हैं इसलिए उत्पादन आंकड़े रखना व मंगवाना संभव नही है तथापि हथकरघा क्षेत्र में उत्पादन के आंकड़ों का अनुमान हैंक यार्न की सिविल डिलीवरी (वितरण) से लगाया गया है । वहीं हस्तशिल्प क्षेत्र में उत्पादन का अनुमान हस्तशिल्प के निर्यात के आधार पर लगाया जाता है जिसमें हीरे-जवाहरात भी शामिल हैं ।

(ग) हथकरघा क्षेत्र में वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए 6950 मिलियन मीटर हथकरघा कपड़े के उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है तथा हस्तशिल्प के उत्पादन का लक्ष्य 25200 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया जिसमें हीरे-जवाहरात भी शामिल हैं :—

(घ) गत 2 वर्षों के दौरान हथकरघा और हस्तशिल्प जिसमें हीरे जवाहरात शामिल नहीं हैं के निर्यात के आंकडे इस प्रकार हैं :—

वर्ष	सूती		कुल
	वस्त्र	मेड-अप	
हथ करघा			(लाख रुपयों में)
1993–94	281.59	1015.89	1297.48
1994–95	293.77	1058.73	1352.50
(फरवरी, 95 तक)			
हस्तशिल्प			व्यय करोड़ रु० में
1993–94			3360.20
1994–95			4458.30